>**Title: Need to ban import of dangerous insecticides in the country - Laid.**

12.59-1/2 hrs.

श्री निखिल कुमार चौधरी (कटिहार): उद्योगों और जन प्रतिनिधियों की तरफ से लगातार इस बात की शिकायतें मिल रही हैं कि देश में बड़े पैमान पर विदेशों से आयातित खतरनाक कीटनाशकों का आयात हो रहा है। इनमें से कुछ कीटनाशक तो ऐसे हैं जिनके इस्तेमाल पर विकसित देशों में रोक लगा दी गई हैं, परंतु उनका उत्पादन करने वाली कंपनियों उन्हीं कीटनाशकों का निर्यात भारत को औने पौने दामों पर कर रही है।

दुनिया भर में रासायनिक कीटनाशकों के कुप्रभावों को लेकर जागरूकता बढ़ रही है और अब हर कहीं पर्यावरण अनुकूल प्राकृतिक कीटनाशकों के विकास के प्रयास हो रहे हैं। मौजूदा कीटनाशकों कानून में इस तरह के आयातों पर रोक लगाने के लिए कारगर व्यवस्था नहीं है। मैं सरकार से आग्रह करूंगा, कि जल्द से जल्द कीटनाशक कानून में संशोधन करके इन कीटनाशकों से पर्यावरण एवं मनुय के स्वास्थ्य पर होने वाले कुप्रभावों को रोका जाये। भारतीय वैज्ञानिकों को भी इस दिशा में हर संभव सहायता करके नीम एवं अन्य पौधों से भी कीटनाशकों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। पर्यावरण अनुकूल कीटनाशकों के बड़े पैमाने पर विकास के लिए सरकार को निजी उद्योगों को भी प्रोत्साहित देना होगा।

- **Treated as laid on the Table of the House**
-